# CG-PSC & CG-Vyapam
# छत्तीसगढ़ करंट अफेयर्स
## (August Month) by चंद्राकर सर

## राज्य स्तरीय योजनाएँ एवं समितियाँ

**01.** "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना" के तहत **नक्सल प्रभावित जिलों** के विद्यार्थियों कितने प्रतिशत ब्याज पर ऋण जाएगा?

**(A)** 0% **(B)** 1%
**(C)** 2% **(D)** 3%

**Ans-A**

➢ **मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
- छत्तीसगढ़ के **माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा** के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।
- इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए **शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित** है।
- राज्य के **अन्य जिलों के कमजोर आर्थिक स्थिति** वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए **1% के ब्याज दर** पर ऋण दी जा रही है।
- इसके लिए ऐसे परिवार पात्र हैं जिनकी वार्षिक आय 2 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल **1%** की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा।

**02.** छत्तीसगढ़ के **शासकीय स्कूलों** में बच्चों **मिड–डे मील के पहले नाश्ता देने की शुरूआत** किस जिले से की गई है?

**(A)** रायपुर **(B)** राजनांदगांव
**(C)** जशपुर **(D)** कोरबा

**Ans-D**

➢ छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों के बच्चों को अब मिड–डे मील के पहले **नाश्ता** भी दिया जाएगा।
- **प्रथम चरण** में इसकी शुरुआत **कोरबा जिले** से की गई है।

**03.** किस जिले के **थांगरघाट और धौरभांठा** में **पीएम–गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान** के तहत **2 नए रेलवे स्टेशन** बनाए जाएंगे?

**(A)** धमतरी **(B)** कांकेर
**(C)** रायगढ़ **(D)** महासमुंद

**Ans-C**

➢ केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी है।
- इस परियोजनाओं की कुल लागत करीब 1,360 करोड़ रुपए हैं। इसमें 2 नए रेलवे स्टेशन भी बनेंगे।
- परियोजना के तहत **रायगढ़ के थांगरघाट और धौरभांठा** 2 नए रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे।

**04.** हाल ही में **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय** ने **मंत्रालय** में किन **प्रणाली/पोर्टलों का शुभारंभ** किया है?

**(A)** ई–ऑफिस प्रणाली
**(B)** स्वागतम पोर्टल
**(C)** मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल
**(D)** उपरोक्त सभी

**Ans-D**

➢ **ई–ऑफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल**
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में **ई–ऑफिस प्रणाली**, **स्वागतम पोर्टल**, और **मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल** का शुभारंभ किया।
- इस प्रणाली के माध्यम से सरकारी दस्तावेज डिजिटल किए जाएंगे, जिससे कागजों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में भेजने में लगने वाला समय बचेगा।
- ई–ऑफिस प्रणाली की शुरुआत सामान्य प्रशासन विभाग से हुई है, जिसे शासन के सभी विभागों में लागू किया जाएगा। दस्तावेजों में हेरफेर और गायब होने की आशंका नहीं रहेगी। डिजिटल माध्यम में दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे।
- स्वागतम पोर्टल से आनलाइन आवेदन करने पर बिना प्रतीक्षा और कतार में लगे एसएमएस और ई–मेल के माध्यम से मिलने के समय की जानकारी मिल जाएगी।

**05.** छत्तीसगढ़ में कितने **आयुष ग्राम** बनाए जाएंगे?

**(A)** 130 **(B)** 146
**(C)** 180 **(D)** 212

**Ans-B**

➢ **राष्ट्रीय आयुष मिशन**

- आयुष जीवन शैली के सिद्धांतों और प्रथाओं को अपनाने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वास्थ्य देखभाल व उपचारों पर आधारित आयुष ग्राम की परिकल्पना को साकार करने **छत्तीसगढ़ के 146 विकासखंडों में आयुष ग्राम** का चिन्हांकन किया गया है।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत प्रदेश में **146 आयुष ग्राम विकसित** किए जा रहे हैं।
- आयुष ग्राम के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की रक्षा और आजीवन स्वस्थ रखने आयुर्वेद, योग तथा आयुष पद्धतियों के अनुसार उन्हें शिक्षित किया जाएगा।
- आयुष ग्रामों में जनभागीदारी के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी।

**06.** ''खुशियों का नोटिफिकेशन'' कहानी संग्रह **किस योजना से संबंधित** है?

**(A)** नोनी सुरक्षा योजना **(B)** सरस्वती सायकल योजना
**(C)** मोर संगवारी योजना **(D)** महतारी वंदन योजना

**Ans-D**

➢ **''खुशियों का नोटिफिकेशन कहानी संग्रह''**

- **सम्बंधित योजना – महतारी वंदन योजना**
- **विमोचन – मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा**
- खुशियों का नोटिफिकेशन' में संगृहीत कहानियां महिलाओं को मिले आर्थिक लाभ को ही नहीं बताती बल्कि यह सशक्तीकरण के प्रभाव को भी उजागर करती है। यह उन महिलाओं के साहस, धैर्य और सपनों की गाथा का प्रस्तुतीकरण है।

**07.** **दस्तक अभियान मोबाइल ऐप** की शुरूआत किस जिले में की गई है?

**(A)** गरियाबंद **(B)** बलौदाबाजार
**(C)** धमतरी **(D)** कोरिया

**Ans-B**

➢ **दस्तक अभियान मोबाइल ऐप**

- राज्य सरकार की **जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं** का **जमीनी क्रियान्वयन** सुनिश्चित करने के लिए **बलौदाबाजार जिले** में नवाचार के रूप में दस्तक अभियान शुरू किया गया है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने किया।

**08.** **छत्तीसगढ़ सरकार** द्वारा **रोजगार पंजीयन** के लिए **कौन सा ऐप्लीकेशन लॉन्च** किया गया है?

**(A)** मोर संगवारी ऐप **(B)** छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप
**(C)** रोजगार संगी ऐप **(D)** छत्तीसगढ़ संगी ऐप

**Ans-B**

➢ **छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप**

- बेरोजगार युवाओं को **मोबाइल ऐप** के माध्यम से रोजगार हेतु पंजीयन की व्यवस्था, पहले से हो चुके पंजीयन का नवीनीकरण और नवीन सुविधाएं प्राप्त करने के लिए **छत्तीसगढ रोजगार ऐप** विकसित किया गया है।

**09.** हाल ही में **''सुगम मोबाइल एप्लीकेशन''** का लोकार्पण किनके द्वारा किया गया?

**(A)** श्री विष्णुदेव साय **(B)** श्री ओ.पी.चौधरी
**(C)** श्री टंकराम वर्मा **(D)** श्री विजय शर्मा

**Ans-B**

➢ **सुगम एप्लीकेशन**

- हाल ही में **वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी** ने मोबाइल बेस्ड एप्लीकेशन **'सुगम'** का लोकार्पण किया।
- इस एप्लीकेशन में कोई भी व्यक्ति अपनी रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज के संपत्ति स्थल पर जाकर स्थल का 3 साइड से फोटो तथा अक्षांश व देशांतर भौगोलिक स्थिति को रजिस्ट्री सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट कर सकेगा।
- इससे संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी व कर अपवंचन को रोकने में सार्थक मदद मिलेगी।

**10.** हाल ही में छत्तीसगढ़ की **बचेली से गढ़चिरौली व्हाया बीजापुर रेल लाइन** को **केन्द्रीय रेल लाइन** से स्वीकृति मिली है, इसकी लंबाई कितनी है?

**(A)** 490 किमी. **(B)** 390 किमी.
**(C)** 450 किमी. **(D)** 440 किमी.

**Ans-A**

➢ छत्तीसगढ़ में **2 रेल लाइनों** के लिए **केंद्रीय रेल मंत्रालय** से मिली स्वीकृति

**(1) बचेली से गढ़चिरौली व्हाया बीजापुर रेल लाइन**

✓ यह लाइन गढ़चिरौली से बीजापुर होकर बचेली पहुंचेगी।

✓ गढ़चिरौली–बचेली नई रेललाइन 490 किमी. की होगी। इसके सर्वे और डीपीआर तैयार के लिए 12.25 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

**(2) कोरबा से अम्बिकापुर रेल लाइन**

✓ इस रेल लाइन की कुल दूरी 180 किलोमीटर की होगी, जिसके सर्वे और डीपीआर निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 4.50 करोड़ रुपये की राशि मंजूर किया है।

**11. पीपल फॉर पीपल अभियान के तहत NRDA द्वारा नवा रायपुर में कितने पेड़ों का रोपण किया जाएगा?**

(A) 10 हजार (B) 20 हजार
(C) 30 हजार (D) 40 हजार

**Ans-D**

➢ **पीपल शहर – नवा रायपुर**
- **नवा रायपुर देश का पहला पीपल शहर** बनने जा रहा है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नवा रायपुर के विधानसभा परिसर में पीपल का पेड़ लगाकर पीपल फॉर पीपल अभियान को विस्तार दिया।
- एनआरडीए के इस अभियान के तहत नवा रायपुर में कुल **40 हजार पेड़** लगाए जाएंगे।
- बताया गया है कि **पहले चरण में नवा रायपुर** में पीपल के **21 हजार पेड़** लगाए जा रहे हैं।

**12. छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी में नियुक्ति देने के लिए किनकी अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया गया है?**

(A) श्री ओ.पी. चौधरी (B) श्री विष्णुदेव साय
(C) श्री टंकराम वर्मा (D) श्री विजय शर्मा

**Ans-B**

➢ छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को **शासकीय नौकरी में नियुक्ति देने के लिए** कमिटी का गठन किया गया है।
- **कमिटी के अध्यक्ष – श्री विष्णुदेव साय**
- वन मंत्री केदार कश्यप और खेल मंत्री टंक राम वर्मा समेत सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी और खेल युवा कल्याण विभाग के अधिकारी को सदस्य, सचिव बनाए गए हैं।
- इसका आदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जारी किया है।

**13. छत्तीसगढ़ के कितने आईटीआई (ITI) का उन्नयन मॉडल आईटीआई के रूप में किया जाएगा?**

(A) 112 (B) 146
(C) 160 (D) 178

**Ans-C**

➢ छत्तीसगढ़ राज्य में बनाया जाएगा **160 मॉडल ITI**
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य के **160 आईटीआई** का **मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन** किया जा रहा है।
- इसके लिए रोजगार व प्रशिक्षण विभाग द्वारा **484 करोड़ 22 लाख रुपए** की स्वीकृति जारी की गई है।
- मॉडल आईटीआई में उन्नयन के बाद युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के मुताबिक प्रशिक्षण मिल सकेगा।

**14. ''सीजी साथी'' पुस्तिका का विमोचन किनके द्वारा किया गया?**

(A) श्री रमन सिंह (B) श्री विष्णुदेव साय
(C) श्री बृजमोहन अग्रवाल (D) श्री श्यामबिहारी जायसवाल

**Ans-D**

➢ **सीजी साथी (Chhattisgarh Strategic Alliance for Transforming Healthcare Initiatives) पुस्तिका**
- स्वास्थ्य मंत्री **श्री श्यामबिहारी जायसवाल** ने आज अपने निवास कार्यालय में सीजी साथी नामक पुस्तिका का विमोचन किया।
- यह पुस्तिका छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में **स्वास्थ्य सुविधाओं** एवं **संकेतकों को बेहतर** करने के साथ योजनाओ और परियोजनाओं के बेहतर संचालन हेतु सहयोगी संगठनों के तकनीकी सहयोग को दिशा देने में मदद करेगी।

**15. छत्तीसगढ़ के किस विभाग ने पालक–शिक्षक बैठक (PTM) को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है?**

(A) स्कूली शिक्षा विभाग (B) वित्त विभाग
(C) स्वास्थ्य विभाग (D) उद्योग विभाग

**Ans-A**

➢ **स्कूली शिक्षा विभाग** द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ में अब प्राइवेट स्कूलों की तरह अब सरकारी स्कूलों में भी अब **पैरेंट्स और टीचर मीटिंग(PTM)** होगा।
- शैक्षणिक सत्र 2024-25 में मेगा पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त 2024 को संकुल (CLUSTER) स्तर पर किया गया।

**16. राज्य सरकार की किस योजना के तहत प्रदेश में शहीदों की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी?**

(A) वीर सपूत योजना (B) वीर शहीद योजना
(C) अमर शहीद योजना (D) अमर सपूत योजना

**Ans-C**

➢ **अमर शहीद योजना**
- राज्य सरकार उन सभी शहीदों का स्मारक बनवाएगी, जिन्होंने अपने जीवन को लोकतंत्र और समाज की रक्षा के लिए उत्सर्ग कर दिया है।
- अमर शहीद योजना के तहत प्रदेश के **1200 शहीदों की प्रतिमाएं** लगेंगी। छत्तीसगढ़ के वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक होगा।

## छत्तीसगढ़ में पुरस्कार / सम्मान

**01.** हाल ही में छत्तीसगढ़ से किन्हें राष्ट्रपति द्वारा भूविज्ञान पुरस्कार–2023 से सम्मानित किया गया है?
**(A)** डॉ. हर्ष कुमार वर्मा **(B)** डॉ. गिरीश चंदेल
**(C)** डॉ. आलोक चक्रवाल **(D)** डॉ. पुष्पेन्द्र भार्गव

**Ans-A**

➢ **डॉ. हर्ष कुमार वर्मा** – राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023
- **बलौदाबाजार जिले** के **पलारी तहसील** के **ग्राम कोसमंदी** के **डॉ. हर्ष कुमार वर्मा** को राष्ट्रपति में **राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023** से सम्मानित किया है।
- उन्हें यह पुरस्कार **खनन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र** में उनके असाधारण योगदान के लिए मिला है।
- डॉ. हर्ष कुमार वर्मा सीएसआईआर–केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (CMFRI) में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं।
- इसके साथ ही उन्होंने भूमिगत कोयला खदानों के लिए एक नवीन स्थायी तकनीक विकसित की है, जो खनन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।

**02.** छत्तीसगढ़ के किस संग्रहालय को स्टेट म्यूज़ियम कॉन्क्लेव में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का पुरस्कार प्रदान किया गया है?
**(A)** महंत घासीदास संग्रहालय, रायपुर
**(B)** छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रायपुर
**(C)** भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, जगदलपुर
**(D)** महाकौशल कलावीथिका, रायपुर

**Ans-A**

➢ नई दिल्ली के **भारत मंडपम** में आयोजित **स्टेट म्यूजियम कॉन्क्लेव** में देश भर के संग्रहालय की प्रस्तुति दी गई।
- इसमें **छत्तीसगढ़** के **महंत घसीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर** को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**03.** छत्तीसगढ़ की किस शिक्षिका का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए हुआ है?
**(A)** निरूपमा राव **(B)** के. शारदा
**(C)** सावित्री स्वर्णकार **(D)** सुरेखा पिल्ले

**Ans-B**

➢ **दुर्ग जिले** की पूर्व माध्यमिक शाला खेदामारा की शिक्षिका **के. शारदा** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित हुई हैं।
- शारदा को शिक्षक दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

**04.** छत्तीसगढ़ के कितने पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को **26 जनवरी 2025** को राष्ट्रीय वीरता पदक दिया जाएगा?
**(A)** 11 **(B)** 21
**(C)** 25 **(D)** 36

**Ans-C**

➢ **राष्ट्रीय वीरता पदक**
- भारत शासन, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के **25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों** में से **15 को पुलिस वीरता पदक**, **1 को विशिष्ट सेवा पदक** एवं **9 कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक** से विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है।
- **श्री आनंद सिंह रावत**, सहायक सेनानी, पीटीसी बोरगांव को विशिष्ट सेवाओं के लिए **राष्ट्रपति पुलिस पदक** दिया जाएगा।

**05.** छत्तीसगढ़ के किस पोर्टल को उत्तरप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में एक्सीलेंस अवॉर्ड दिया गया है?
**(A)** उद्योग ऑनलाइन **(B)** शिक्षा ऑनलाइन
**(C)** खनिज ऑनलाइन **(D)** स्वास्थ्य ऑनलाइन

**Ans-C**

➢ **राज्य के खनिज ऑनलाइन पोर्टल को एक्सीलेंस अवार्ड**
- प्रदेश में खान एवं खनिजों के समग्र प्रबंधन के लिए वेब बेस्ड पोर्टल खनिज ऑनलाइन को इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप ने इंटरप्राइज एप्लीकेशंस कैटेगरी अंतर्गत टेक्नोलॉजी सभा **एक्सीलेंस अवॉर्ड** से नवाजा है।

**06.** SSP संतोष सिंह को किस विश्वविद्यालय ने शांति प्रयास के विषयों के लिए पीएचडी की उपाधि दी है?
**(A)** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
**(B)** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
**(C)** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर
**(D)** अटल विश्वविद्यालय, बिलासपुर

**Ans-A**

➢ **एसएसपी संतोष सिंह**
- छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अफसर व रायपुर के एसएसपी संतोष कुमार सिंह को **हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने पीएचडी** दी है।
- संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रयासों से जुड़े विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने पर उक्त उपाधि प्रदान की गई है।

**07.** छत्तीसगढ़ से किन दो पत्रकारों का चयन **डिफेंस कॉरेस्पोंडेंट कोर्स–2024** के लिए किया गया है?
**(A)** श्री प्रमोद साहू ओर सुश्री रजनी ठाकुर
**(B)** श्री आलोक शुक्ला और सुश्री हेमलता कंवर
**(C)** श्री विजय पाल और सुश्री अंजना वर्मा
**(D)** श्री राकेश श्रीवास और सुश्री राधिका साहू

**Ans-A**

➢ **श्री प्रमोद कुमार साहू** और **सुश्री रजनी ठाकुर**
- छत्तीसगढ़ के दोनों पत्रकारों का चयन **भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय** द्वारा आयोजित **डिफेंस कॉरेस्पोंडेंट कोर्स 2024** में हुआ है।

**08.** **वसुंधरा सम्मान–2024** से किन्हें सम्मानित किया गया है?
**(A)** डॉ. हिमांशु द्विवेदी **(B)** डॉ. विश्वेश ठाकरे
**(C)** डॉ. विश्वास त्रिवेदी **(D)** डॉ. भरत चंद्रवंशी

**Ans-B**

➢ **24वां वसुंधरा सम्मान–2024**
- **दैनिक भास्कर रायपुर** के संपादक **डॉ. विश्वेश ठाकरे** को **24वें वसुंधरा सम्मान** से सम्मानित किया गया है।
- छत्तीसगढ़ के **साहित्यिक और पत्रकारिता** के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वालों को यह सम्मान **वर्ष 2001** से दिया जा रहा है।

**09.** **IPS सुवेज हक** का संबंध किस जिले है जिन्हें **राष्ट्रपति पुलिस उत्कृष्ट सेवा पदक** हेतु भारत सरकार द्वारा चयनित किया गया है?
**(A)** बीजापुर **(B)** सरगुजा
**(C)** कोरिया **(D)** बिलासपुर

**Ans-D**

➢ **IPS सुवेज हक – बिलासपुर**
- सुवेज हक (आईपीएस 2005) का स्वत्रंतता दिवस की पूर्व संध्या पर **राष्ट्रपति पुलिस उत्कृष्ट सेवा पदक** हेतु भारत सरकार द्वारा चयन किया गया।
- उन्हें यह पदक **सीबीआई में डीआईजी के पद पर उत्कृष्ट कार्य** करने हेतु दिया गया हैं।

## खेल

**01.** **राष्ट्रीय वन खेल कूद प्रतियोगिता** का आयोजन कहां किया जाएगा?
**(A)** दुर्ग **(B)** रायपुर
**(C)** भिलाई **(D)** राजनांदगांव

**Ans-B**

➢ राष्ट्रीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन **16 से 20 अक्टूबर 2024** को **रायपुर** में किया जाएगा।

**02.** **चयन कुमारी** और **रंजीता खलखो** किस खेल प्रतियोगिता में भाग लेने **दक्षिण कोरिया** जा रही हैं?
**(A)** सॉफ्टबॉल **(B)** फुटबॉल
**(C)** हैंड बॉल **(D)** वुड बॉल

**Ans-D**

➢ हाल ही में **भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (IIFT)** के निर्यात सुविधा केंद्र और **भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII) अहमदाबाद** के प्रशिक्षण केंद्र की **छत्तीसगढ़ में स्थापना** के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है।

**03.** छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को **ओलंपिक प्रतियोगिता** में **स्वर्ण पदक जीतने पर** कितनी राशि के ईनाम की घोषणा की गई है?
**(A)** 1 करोड़ रू. **(B)** 2 करोड़ रू.
**(C)** 3 करोड़ रू. **(D)** 4 करोड़ रू.

**Ans-C**

➢ **छत्तीसगढ़ के ओलंपिक पदक विजेताओं** के लिए **1 से 3 करोड़ की राशि** की घोषणा
- ओलंपिक में पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को इस प्रकार पुरस्कार की राशि दी जाएगी :–
  - **(1) स्वर्ण पदक – 3 करोड़ रु.**
  - **(2) रजत पदक – 2 करोड़ रु.**
  - **(3) कांस्य पदक – 1 करोड़ रु.**

**04.** **सानिया परवीन** और **शबा परवीन** किस खेल से संबंधित हैं?
**(A)** कुश्ती **(B)** तलवारबाजी
**(C)** निशानेबाजी **(D)** जू–जित्सु

**Ans-D**

➢ **सानिया परवीन और शबा परवीन(जु–जित्सु खिलाड़ी)**
- राष्ट्रीय स्तर की प्रथम वेस्ट जोन जु–जित्सु चैंपियनशिप 2024 में सानिया ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल, जबकि शबा ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

## चर्चित स्थल

**01.** **माँझीनगढ़** के **गढ़मावली माता** का मंदिर किस जिले में है?
**(A)** कोंडागांव **(B)** बस्तर
**(C)** सरगुजा **(D)** नारायणपुर

**Ans-A**

➢ **माँझीनगढ़ के गढ़मावली माता** का मंदिर **कोंडागांव जिले** में है। यहाँ प्रतिवर्ष **भादो माह** में **भादो जातरा** का आयोजन होता है जिसमें आस–पास के देवी देवताओं का भी आगमन होता है।

**02.** राज्य के किस स्थान फार्मास्युटिकल पार्क बनाने की घोषणा की गई है?
**(A)** जांजागरी–चांपा **(B)** दुर्ग
**(C)** भिलाई **(D)** रायपुर

**Ans-D**

➢ छत्तीसगढ़ के 3 स्थानों पर बनाये जायँगे 3 औद्योगिक पार्क :–
- **नवा रायपुर**, अटल नगर सेक्टर–22 में मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप 141.84 एकड़ में **फार्मास्युटिकल पार्क** की स्थापना किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- **जिला जांजगीर–चांपा** के **ग्राम गतवा, बिर्रा** एवं **सिलादेही** में निगम के आधिपत्य की 881.60 एकड़ भूमि पर **आदर्श औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- **जिला जांजगीर–चांपा** के **ग्राम भागोडीह, ग्राम मुक्ताराजा, ग्राम सरहर एवं ग्राम रिस्दा** में निगम के आधिपत्य की भूमि में 245.29 एकड़ में **आदर्श औद्योगिक क्षेत्र** एवं 111.02 एकड में **टैक्सटाईल पार्क** की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**03.** छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण **शारीरिक शिक्षा** व **खेलों में विशेषज्ञता** हासिल करने के लिए किस स्थान पर **क्षेत्रीय संस्थान** बनाया जाएगा?
**(A)** मंदिर हसौद **(B)** गोढ़ी
**(C)** तेंदुआ **(D)** राखी

**Ans-C**

➢ **शारीरिक शिक्षा** और **खेल विशेषज्ञता** के लिए खुलेगा संस्थान
- छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शारीरिक शिक्षा के साथ खेलों में विशेषज्ञता हासिल करने जल्द ही **लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (LNIPE) ग्वालियर** की तर्ज पर **क्षेत्रीय संस्थान** प्रारंभ होने जा रहा है।
- LNIPE के लिए **नवा रायपुर के तेन्दुआ** में 120 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसे राजस्व विभाग द्वारा खेल व युवा कल्याण विभाग को आबंटित करने का निर्णय लिया गया है।
- इसे भारत सरकार से भी वित्तीय सहायता मिलेगी।

**04.** छत्तीसगढ़ में **सबसे बड़ा मानव निर्मित शिवलिंग** किस स्थान पर मौजूद है?
**(A)** सिरपुर **(B)** मल्हार
**(C)** महेशपुर **(D)** चित्रकोट

**Ans-D**

➢ छत्तीसगढ़ में **सबसे बड़ा मानव निर्मित शिवलिंग चित्रकोट** में मौजूद है।

**05.** छत्तीसगढ़ के पहले **हैंडलूम पार्क** का निर्माण किस स्थान पर किया जाएगा?
**(A)** सक्ती **(B)** जांजगीर
**(C)** रायपुर **(D)** भिलाई

**Ans-C**

➢ **हैंडलूम पार्क – पंडरी, रायपुर**
- **पंडरी हाट** में जल्द ही **प्रदेश के पहले हैंडलूम पार्क** का निर्माण किया जाएगा।
- इस पार्क में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा देश भर के अलग–अलग राज्यों में तैयार होने वाले हैंडलूम प्रोडक्ट एक ही जगह पर मिलेंगे।

**06.** **IIFT कोलकाता** के **निर्यात सुविधा केन्द्र** और **EDII अहमदाबाद** के **प्रशिक्षण केन्द्र** की स्थापना किस राज्य में की जाएगी?
**(A)** छत्तीसगढ़ **(B)** राजस्थान
**(C)** मध्यप्रदेश **(D)** ओडिशा

**Ans-A**

➢ हाल ही में **भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (IIFT)** के **निर्यात सुविधा केंद्र** और **भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII) अहमदाबाद** के **प्रशिक्षण केंद्र** की **छत्तीसगढ़ में स्थापना क लिए एमओयू** पर हस्ताक्षर किया गया है।

**07.** **वर्धा की तर्ज** पर राज्य के किस स्थान पर **"सेवाग्राम"** का निर्माण किया जा रहा है?
**(A)** नवा रायपुर **(B)** भिलाई
**(C)** राजनांदगांव **(D)** धमतरी

**Ans-A**

➢ **सेवा ग्राम – नवा रायपुर**
- **स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों** और **महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज की संकल्पना** को संजोने तथा उनके विचारों पर आधारित विकास के रास्तों को प्रदर्शित करने के लिए **नवा रायपुर अटल नगर** में सेवाग्राम का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया।
- आधिकारिक जानकारी के मुताबिक **नवा रायपुर के सेक्टर 30** के लेयर–1 व लेयर–2 में करीब 77 एकड़ भूमि में **129 करोड़ रुपए** की लागत से सेवाग्राम बनाया जा रहा है।
- सेवाग्राम में गांधीवादी सिद्धांतों, ग्रामीण कला व शिल्प केन्द्र के साथ ही वृद्धाश्रम व वंचितों के लिए स्कूल स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

**08.** **मांदाघाट वाटरफॉल** किस जिले में है?
**(A)** जशपुर **(B)** सरगुजा
**(C)** कोरबा **(D)** कबीरधाम

**Ans-D**

➢ **मांदाघाट वाटरफॉल कबीरधाम जिले** में है।

**09.** रेडियो चरण–3 नीति के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के किन स्थानों पर रेडियो स्टेशन खोले जाएंगे?
**(A)** अंबिकापुर, कोरबा, जगदलपुर
**(B)** सक्ती, कोरिया, पत्थलगांव
**(C)** जशपुर नगर, सिहावा, केशकाल
**(D)** कबीरधाम, भानुप्रतापपुर, गरियाबंद

**Ans-A**

➢ **अम्बिकापुर, कोरबा** और **जगदलपुर** में नए FM रेडियो स्टेशन को मंजूरी
- मोदी कैबिनेट ने निजी FM रेडियो नीति के तहत 234 नए शहरों में 730 चैनलों के लिए 784.87 करोड़ रुपए की ई–नीलामी करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इसमें छत्तीसगढ़ के भी 3 शहर **जगदलपुर, अंबिकापुर** और **कोरबा** शामिल हैं। तीनों शहरों में 3-3 चैनल स्वीकृत किए गए हैं।

**10.** छत्तीसगढ़ के किस स्थान पर दिव्यांगजन पार्क बनाया जाएगा?
**(A)** भिलाई **(B)** दुर्ग
**(C)** बिलासपुर **(D)** रायपुर

**Ans-D**

➢ **दिव्यांगजन पार्क – रायपुर**
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने घोषणा की है कि रायपुर में 5 एकड़ जमीन पर दिव्यांगजन पार्क बनाया जाएगा।

**11.** नवा रायपुर के CBD स्टेशन का लोकार्पण किनके द्वारा किया गया है?
**(A)** श्री अमित शाह **(B)** श्री ओ.पी. चौधरी
**(C)** श्री विष्णुदेव साय **(D)** श्री नरेन्द्र मोदी

**Ans-A**

➢ **नवा रायपुर में CBD स्टेशन का लोकार्पण**
- मेट्रो की तर्ज पर **प्रदेश का पहला स्मार्ट रेलवे स्टेशन सीबीडी नवा रायपुर** का लोकार्पण हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा किया गया है।

**12.** हरिमरका जलप्रपात किस जिले में हैं?
**(A)** नारायणपुर **(B)** कोंडागांव
**(C)** कांकेर **(D)** बस्तर

**Ans-A**

➢ **हरिमरका जलप्रपात नारायणपुर जिले** में है।

## चर्चित व्यक्ति एवं नियुक्तियाँ

**01.** जीएसटी काउंसिल के ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स में छत्तीसगढ़ से किन्हें सदस्य के रूप में नामित किया गया है?
**(A)** श्री टंकराम वर्मा **(B)** श्री विष्णुदेव साय
**(C)** श्री अमिताभ कांत **(D)** श्री ओ.पी. चौधरी

**Ans-D**

➢ जीएसटी में सुधार के लिए हाल ही में जीएसटी काउंसिल के लिए **ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (GoM)** का पुनर्गठन किया गया है।
- इस नए गठन में छत्तीसगढ़ के **वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी** को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में **दो राज्यों के उप मुख्यमंत्री** समेत कुल **आठ सदस्य** शामिल हैं।

**02.** हाल ही में किन्हें छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकायुक्त नियुक्त किया गया है?
**(A)** न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत
**(B)** न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा
**(C)** न्यायमूर्ति रजनी दुबे
**(D)** न्यायमूर्ति विमला सिंह कपूर

**Ans-B**

➢ **छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकायुक्त – इंदर सिंह उबोवेजा**
- छत्तीसगढ़ राज्य में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदर सिंह उबोवेजा को प्रमुख लोकायुक्त नियुक्त किया गया है।
- इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। राज्यपाल के आदेशानुसार, छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 की धारा 3 की उपधारा (5) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्ति की गई है।
- इंदर सिंह उबोवेजा ने टीपी शर्मा जी के स्थान पर इस पद को ग्रहण किया।
- इंदर सिंह उबोवेजा को इस पद की शपथ माननीय राज्यपाल ने दिलाया।

**03.** हाल ही में किन्हें छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
**(A)** श्री आर. एस. विश्वकर्मा
**(B)** श्री रवीन्द्र बैस
**(C)** श्री अग्नि कुमार वर्मा
**(D)** श्री चन्द्रशेखर साहू

**Ans-A**

➢ हाल ही में **श्री आर. एस. विश्वकर्मा जी** को **छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग** का **नया अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।

**04.** छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को साहित्य अकादमी द्वारा महत्तर सदस्यता से अलंकृत किया गया है?

**(A)** देवधर महंत **(B)** सुरेन्द्र दुबे
**(C)** विनोद कुमार शुक्ल **(D)** मीर अली

**Ans-C**

> ➢ **साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल**
> - हाल ही में **साहित्य अकादेमी** ने अपने सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता से छत्तीसगढ़ के हिंदी के प्रख्यात कवि एवं कथाकार **विनोद कुमार शुक्ल** को अलंकृत किया है।

**05.** हाल ही में किन्हें छत्तीसगढ़ होमगार्ड का नया DG नियुक्त किया गया है?

**(A)** IPS नेहा चंपावत **(B)** IPS अरूण देव गौतम
**(C)** IPS आरिफ शेख **(D)** IPS शेखर दत्त

**Ans-B**

> ➢ हाल ही में **छत्तीसगढ़ गृह विभाग** में 2 नई नियुक्तियां की गई है :–
> - **IPS अरुण देव गौतम** को **DG होमगार्ड** के पद पर नियुक्त किया गया है।
> - **IPS नेहा चंपावत** को **छत्तीसगढ़ गृह विभाग के सचिव** के पद पर नियुक्त किया गया है।

**06.** हाल ही में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में किन्हें न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?

**(A)** जस्टिस ए.के. प्रसाद
**(B)** जस्टिस बी.डी. गुरू
**(C)** जस्टिस मनीकांत मिश्रा
**(D)** A और B दोनों

**Ans-D**

> ➢ **छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट में 2 न्यायाधीशों की नियुक्ति**
> - **2 नए न्यायाधीश :–**
>   **(1) ए.के. प्रसाद**
>   **(2) बी.डी. गुरु**
> - इसके साथ ही **छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय** में **न्यायाधीशों की संख्या** 17 हो गई है।

**07.** छत्तीसगढ़ के किस पर्वतारोही ने 15 अगस्त 2024 को माउंट कोजिआस्को चोटी पर तिरंगा लहराया है?

**(A)** याशी जैन **(B)** चित्रसेन साहू
**(C)** राहुल गुप्ता **(D)** नैना सिंह धाकड़

**Ans-C**

> ➢ **राहुल गुप्ता – पर्वतारोही**
> - 15 अगस्त के दिन छत्तीसगढ़ के पर्वतारोही **राहुल गुप्ता** ने **ऑस्ट्रेलिया** की सबसे ऊंची पर्वत चोटी **माउंट कोजिआस्को (7310 फीट)** पर तिरंगा लहराया है।

**08.** कत्थक नर्तक प्रीति चंद्रा राज्य के किस जिले से संबंधित हैं?

**(A)** रायपुर **(B)** रायगढ़
**(C)** सक्ती **(D)** जांजगीर–चांपा

**Ans-D**

> ➢ **प्रीति चंद्रा – कत्थक नर्तक**
> - **जांजगीर** की रहने वाली **प्रीति चंद्रा** ने कथक नृत्य में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। प्रीति ने खजुराहो में एक साथ 1800 कलाकारों की टीम के साथ कथक नृत्य किया, जिसे **गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड** में दर्ज किया गया।

**09.** छत्तीसगढ़ के वर्तमान पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा को कितने माह का सेवा विस्तार दिया गया है?

**(A)** 4 माह **(B)** 6 माह
**(C)** 8 माह **(D)** 10 माह

**Ans-B**

> ➢ छत्तीसगढ़ के वर्तमान पुलिस महानिदेशक **श्री अशोक जुनेजा** को **पुनः 6 माह** का सेवा विस्तार दिया गया।

**10.** हाल ही में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ का नया अध्यक्ष किन्हें बनाया गया है?

**(A)** टंकराम वर्मा **(B)** विष्णुदेव साय
**(C)** मोहित किरण **(D)** विक्रम सिंह सिसोदिया

**Ans-D**

> ➢ छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ की विशेष आमसभा में सर्वसम्मिति से **विक्रम सिंह सिसोदिया** को छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।

**11.** छत्तीसगढ़ की नित्या पाण्डे किस जिले से हैं, जिन्होंने अंटार्कटिका पर रहकर स्पेस रिसर्च किया है?

**(A)** बस्तर **(B)** सरगुजा
**(C)** जशपुर **(D)** कोंडागांव

**Ans-D**

> ➢ **नित्या पाण्डे – कोंडागांव**
> - छत्तीसगढ़ की नित्या पांडेय ने दुनिया की सबसे ठंडी जगह अंटार्कटिका पर रहकर स्पेस रिसर्च किया है।

## रिपोर्ट / सूचकांक

**01.** छत्तीसगढ़ राज्य इलेक्ट्रिकल वाहन नीति–2022 के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी 25 अगस्त 2024 से कितने प्रतिशत हो जाएगी?

**(A)** 100% **(B)** 75%
**(C)** 50% **(D)** 40%

**Ans-C**

➢ छत्तीसगढ़ में **इलेक्ट्रिक वाहनों (EV)** पर मिलने वाली **सब्सिडी में 50% कटौती** होने जा रही है।
- छत्तीसगढ़ राज्य इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के तहत अभी 100% की छूट मिल रही है।
- **25 अगस्त 2024** से यह छूट अब सिर्फ **50%** की होगी।

**02.** हाल ही में जारी **NIRF-2024** में **छत्तीसगढ़ के कितने विश्वविद्यालय टॉप-100** में शामिल हैं?

**(A)** 1 **(B)** 2
**(C)** 3 **(D)** एक भी नहीं

**Ans-D**

➢ **नेशनल इंस्टीट्यूट फ्रेमवर्क(NIRF)–2024**
- **जारीकर्ता – केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय**

- **देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान (समग्र श्रेणी)**
  (1) IIT मद्रास (लगातार 6वें वर्ष)
  (2) IISC बेंगलुरू
  (3) IIT बॉम्बे
- **देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान**
  (1) IIT मद्रास
  (2) IIT दिल्ली
  (3) IIT बॉम्बे
- **देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थान**
  (1) IIM अहमदाबाद
  (2) IIM बेंगलुरू
  (3) IIM कोझिकोड
- **देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेज**
  (1) AIIMS, नई दिल्ली
  (2) PGIMER, चंडीगढ़
  (3) क्रिश्चयन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर
- **देश के शीर्ष लॉ संस्थान**
  (1) NLSIU, बेंगलुरू
  (2) NLU, दिल्ली
  (3) NLU, हैदराबाद

**छत्तीसगढ़ के संस्थानों/विश्वविद्यालयों की स्थिति**

**(1)** IIM रायपुर – 14वां
**(2)** AIIMS रायपुर – 38वां
**(3)** IGKV रायपुर – 39वां
**(4)** NIT रायपुर – 71वां
**(5)** IIT भिलाई – 73वां (पिछले वर्ष 81वां)

➢ छत्तीसगढ़ का एक भी कॉलेज टॉप–300 में नहीं हैं।

**03.** **QLI-2024 की रिपोर्ट** में **छत्तीसगढ़ का सबसे प्रदूषित शहर** कौन सा है?

**(A)** दुर्ग **(B)** रायपुर
**(C)** बेमेतरा **(D)** बलौदाबाजार

**Ans-A**

➢ **क्वालिटी लाइफ इंडेक्स (QLI)-2024**
- जारीकर्ता – ऊर्जा नीति संस्थान (शिकागो विश्विद्यालय)
- **देश के सबसे प्रदूषित राज्य**
  ✓ **दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार**
- **छत्तीसगढ़ के सबसे प्रदूषित शहर**
  ✓ **दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा**

**04.** छत्तीसगढ़ के किस विश्वविद्यालय ने **MHW रैंकिंग – 2024** में भारत में **नंबर–1 प्लैटिनम बैंड** में स्थान प्राप्त हुआ है?

**(A)** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
**(B)** अटल विश्वविद्यालय
**(C)** श. महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय
**(D)** गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय

**Ans-D**

➢ **गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय (GGU)** ने **मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग रैंकिंग 2024 (MHW-2024)** में भारत के नंबर एक प्लेटिनम बैंड में स्थान प्राप्त किया है।

## राज्य स्तरीय घटनाक्रम

**01.** **वर्ष 2024** का **बस्तर दशहरा** कितने दिनों तक मनाया जाएगा?

**(A)** 75 दिन **(B)** 77 दिन
**(C)** 79 दिन **(D)** 105 दिन

**Ans-B**

➢ **75 दिनों** तक चलने वाले बस्तर दशहरा महोत्सव की पहली रस्म **पाट जात्रा विधान** सम्पन्न हो गया है। इस रस्म के लिए **बिलोरी गांव** से साल के तने को जगदलपुर लाया गया।
- मावली माता की डोली **मंगलवार और शनिवार** को जगदलपुर से विदा होती है। लेकिन इस साल कुटुंब जात्रा विधान बुधवार को पड़ रहा है। इसलिए गुरुवार को माता को विदाई नहीं की जाएगी।
- बुधवार और शनिवार के बीच में दो दिन का अंतराल होने से यह पर्व **77 दिन** चलेगा।

**02.** दंडकारण्य ऑडिटोरियम का शुभारंभ किस जिले में किया गया है?

**(A)** रायपुर **(B)** बस्तर
**(C)** दुर्ग **(D)** बिलासपुर

**Ans-A**

➤ **दंडकारण्य ऑडिटोरियम – नवा रायपुर**

- केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव **12 अगस्त 2024** को **नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन** में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ किया।

➤ **ई–ऑक्शन से होगी काष्ठ नीलामी**

- वन विभाग के विभिन्न काष्ठागारों में काष्ठ के नीलाम में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता लाने के प्रयास के अनुक्रम में ई–ऑक्शन की प्रक्रिया शुभारंभ होने से काष्ठागारों में काष्ठ के नीलाम में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता आएगी।
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख – श्री व्ही. श्रीनिवास राव

**03.** राजिम पुन्नी मेला के नाम में संशोधन कर नया नाम क्या रखा गया है?

**(A)** राजिम कुंभ (कोसल) **(B)** राजिम पुन्नी (कुंभ)
**(C)** राजिम कुंभ (प्रयाग) **(D)** राजिम कुंभ (कल्प)

**Ans-D**

➤ **राजिम पुन्नी मेला** अब **राजिम कुंभ (कल्प)**

- छत्तीसगढ़ के 'प्रयाग' के नाम से प्रसिद्ध राजिम में हर साल लगने वाले मेले का नाम अब **राजिम कुंभ (कल्प)** मेला होगा।
- विधानसभा से पारित छत्तीसगढ़ **राजिम माघी पुन्नी मेला (संशोधन) विधेयक** को राज्यपाल रमेन डेका ने मंजूरी दे दी है। बदले हुए नाम का गजट नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है।

**04.** हाल ही में **रूसी टेक्नॉलॉजी** की लाइट मेट्रो के लिए **रायपुर नगर निगम ने MoU हस्ताक्षरित** किया है, यह किन दो स्थानों के मध्य चलाया जाएगा?

**(A)** रायपुर से दुर्ग **(B)** रायपुर से महासमुंद
**(C)** रायपुर से बिलासपुर **(D)** रायपुर से भिलाई

**Ans-A**

➤ **लाइट मेट्रो** के लिए **रायपुर नगर निगम और रूस के मध्य हुआ MoU**

- यह मेट्रो रशियन टेक्नोलॉजी से **रायपुर से दुर्ग–भिलाई** के बीच दौड़ लगाएगी।
- इसके लिए मॉस्को में आयोजित इंटरनेशल ट्रांसपोर्ट मीट में रायपुर निगम और रूस के बीच MoU हुआ है।
- वर्तमान रायपुर महापौर एजाज ढेबर और रशिया ट्रासपोर्ट मिनिस्टर ने इस पर साइन किया है।

**05.** गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व को मंजूरी मिलने के बाद यह **राज्य के किस क्रम का** टाइगर रिज़र्व होगा?

**(A)** दूसरा **(B)** तीसरा
**(C)** चौथा **(D)** पांचवाँ

**Ans-C**

➤ छत्तीसगढ़ में **राज्य का चौथा** व **देश का तीसरा सबसे बड़े** टाइगर रिजर्व का गठन होगा। सरकार ने इसे अधिसूचित कर दिया है।

- गुरु घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व, **2829.387 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल** के साथ **छत्तीसगढ़ का चौथा** व **भारत का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व** बनेगा।

**06.** किस अभ्यारण्य से **6 वन भैंसे** उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व में भेजे जाएंगे?

**(A)** बारनवापारा अभ्यारण्य
**(B)** गोमरदा अभ्यारण्य
**(C)** भोरमदेव अभ्यारण्य
**(D)** पामेड़ अभ्यारण्य

**Ans-A**

➤ प्रदेश के राजकीय पशु **वनभैंसों** को **बारनवापारा अभयारण्य** से **उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व** फॉरेस्ट में शिफ्ट किया जा रहा है। इन 6 भैंसों को असम के जंगलों से 3 साल पहले लाया गया था।

**07.** हाल ही में राज्य के **12 जिला पंचायतों** का पुनर्गठन कर कितने **नए जिला पंचायत** बनाए गए हैं?

**(A)** 4 **(B)** 5
**(C)** 6 **(D)** 7

**Ans-C**

➤ छत्तीसगढ़ की **12 जिला पंचायतों** का पुनर्गठन कर दिया गया है। इसके साथ ही **6 नई जिला पंचायतें** बन गई हैं।

- राज्य शासन के पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।
- अगले साल फरवरी–मार्च 2025 में होने वाले त्रि–स्तरीय पंचायत आम चुनाव के साथ इन नई जिला पंचायतों में भी चुनाव कराए जाएंगे।

**08.** हाल ही में **नगर पंचायत** में भुगतान नियमों में किए गए बदलाव के तहत **चेक व ई–पेमेंट** पर केवल किनका हस्ताक्षर होगा?

**(A)** अध्यक्ष **(B)** उपाध्यक्ष
**(C)** सभी सदस्य **(D)** सीएमओ

**Ans-D**

- नगर पंचायतों में भुगतान को लेकर नियमों में बदलाव कर दिया गया है। अब **चेक और ई–पेमेंट** में केवल **CMO** का ही साइन होगा।
- इसके लिए अब तक अध्यक्ष का भी हस्ताक्षर कराना पड़ रहा था। इसके लिए 7 अगस्त को **नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग** की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**09.** निम्न में से कौन सा संस्थान **लीडरशिप समिट–2024** की मेजबानी करेगा?

**(A)** भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर
**(B)** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर
**(C)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई
**(D)** आई.आई.आई.टी., नवा रायपुर

**Ans-A**

- **भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर (IIM रायपुर)** ने **24 और 25 अगस्त, 2024** को रायपुर में अपने प्रतिष्ठित 8वें नेतृत्व शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

**10.** हाल ही में **श्री अमित शाह** ने किस स्थान पर **नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)** के **आंचलिक (जोनल) कार्यालय** का उद्घाटन किया है?

**(A)** भिलाई **(B)** बिलासपुर
**(C)** दुर्ग **(D)** रायपुर

**Ans-D**

- **NCB का क्षेत्रीय कार्यालय – नवा रायपुर**
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की राजधानी **रायपुर** में **नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)** के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया।
- यह कार्यालय नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर–24 में केंद्रीय सचिवालय भवन की तीसरी मंजिल पर स्थित है।

